मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-09
06/01/2024

# आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को मुख्यमंत्री ने दिया बड़ा तोहफा

- **आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में होगी सम्मानजनक वृद्धि**

- **हड़ताल अवधि में चयनमुक्त की गयी 10203 सेविका एवं 8016 सहायिका होंगी वापस**

पटना, 06 जनवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित 'लोक संवाद' में बिहार राज्य के आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के शिष्टमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्टाचार मुलाकात के क्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने अपनी समस्यायें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।

मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि राज्य में आंगनबाड़ी सेवाओं में बेहतरी के लिये कई कदम उठाये गये हैं। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का मानदेय में समय–समय पर वृद्धि की जाती रही है। उन्होंने कहा कि आप सबने जो मांग की है, उसके आधार पर आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो आंगनबाड़ी सेविकायें एवं सहायिकायें हड़ताल अवधि में चयनमुक्त कर दी गयीं थी, उनकी वापसी की जायेगी।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, समाज कल्याण विभाग के सचिव श्री प्रेम सिंह मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, समेकित बाल विकास सेवायें के निदेशक श्री कौशल किशोर उपस्थित थे।

******